दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### कलेक्टर धर्मेश साहू ने नागरिकों के आवेदनों पर कार्रवाई के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने सोमवार को जनदर्शन के माध्यम से लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी। कलेक्टर साहू ने राशन कार्ड संबंधी आवेदनों एवं पीएम आवास संबंधी आवेदनों पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को सूचित कर निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात् कलेक्टर ने हितग्राहियों की फरियाद को ध्यान से सुनते हुए विस्तार से कारण पूछा एवं कार्यवाही के आश्वासन दिए। जनदर्शन में कुल 55 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें प्रधानमंत्री आवास योजना, पशु शेड निर्माण, मानदेय भुगतान, हैंडपम्प मरम्मत, राशन कार्ड, संपत्ति बंटवारा, वृध्द पेंशन, नकल आवेदन, वन अधिकार पट्टा, आधार अपडेशन, पीएम किसान सम्मान निधि, अवैध कब्जा हटाने, वारिसान पंजीयन, शौचालय निर्माण, मुआवजा की राशि दिलाने सहित विभिन्न समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। उन्होंने आवेदनों पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए त्वरित निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर एसडीएम सारंगढ़ अनिकेत साहू उपस्थित थे।

### स्कूल छात्रों से भरी ऑटो पलटी, 12 छात्र घायल

**कोरबा (आरएनएस)** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में सोमवार को एक स्कूली छात्रों को ले जा रही ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में दो छात्र गंभीर रूप से घायल हुए है वहीं कई छात्रों को चोट आई है। मिली जानकारी के अनुसार केंद्रीय विद्यालय गोपालपुर के 12 छात्र स्कूल से छुट्टी के बाद रोज की तरह ऑटो से अपने घर आ रहे थे। इसी दौरान ऑटो चालक ने ऑटो से नियंत्रण खो दिया और ऑटो पलट गई। इस घटना में 2 छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए और 10 छात्र जख्मी हो गए हैं। आस पस मौजुद लोगों ने सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया वहीं गंभीर रूप से घायल हुए छात्रों को एनटीपीसी हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि इस दुर्घटना के बाद छात्रों को गोपालपुर में प्राथमिक चिकित्सा देने के बाद दोनों गंभीर छात्रों को एनटीपीसी हॉस्पिटल पहुंचाया गया,लेकिन यहां सर्जन नहीं होने और घायल छात्रों को आउटर बताकर इलाज करने से मना कर दिया गया। जिसके बाद एक के परिजनों ने घायल छात्र को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं दूसरे गंभीर घायल छात्र को उसके परिजनों ने प्राईवेट अस्पताल में भर्ती कराया है।

### अवैध शराब बेचते दो युवक गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** खरोरा थाना पुलिस ने अवैध शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 32 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 390 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार खरोरा पुलिस ने ग्राम निलजा बाजार चौक के पास अवैध शराब के साथ आरोपी शक्ति सिंग 34 वर्ष व सतीश कुमार 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से कुल 32 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 390 रुपए जब्त किया है।

### सरेआम शराब पीते 14 गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी पुलिस ने नशेडिय़ों के खिलाफ अभियान चलाकर अलग-अलग थाना क्षेत्रों से सरेआम शराब पीते 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार खमतराई पुलिस ने मेटल पार्क रोड रावाभाठा में सरेआम शराब पीते आरोपी नरेंद्र देवांगन 30 वर्ष व ईश्वर साहू 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं टिकरापारा पुलिस ने आरोपी अरूण कुमार देवांगन 54 वर्ष एवं गंज थाना पुलिस ने आरोपी विजय चौहान 52 वर्ष, राहुल शर्मा 40 वर्ष व डोमेंद्र जंघेल 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरहह आमानाका पुलिस ने आरोपी राहुल सिंह 32 वर्ष व मोनु सिंह 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गुढिय़ारी पुलिस ने आरोपी विजय खरे 23 वर्ष, ललीत 35 वर्ष, सूरज आडिल 24 वर्ष व राजाराम वर्मा 63 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह राखी पुलिस ने आरोपी सोनिया भारती 22 वर्ष व अभनपुर पुलिस ने आरोपी रमेश गिलहरे 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित परिवारों को जल्द मिलेगा आवास : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

**नई दिल्ली | आरएनएस**

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नई दिल्ली के कृषि भवन में कृषि व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। इस दौरान छत्तीसगढ़ के कृषि और ग्रामीण विकास के विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसमें नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा और प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना जैसी योजनाओं के कार्यान्वयन पर विशेष जोर दिया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित 15.18 पात्र परिवारों के आवास का मुद्दा भी रखा, जिस पर केंद्रीय मंत्री ने जल्द स्वीकृति देने का आश्वासन दिया है। केंद्रीय मंत्री से मुलाकात के दौरान उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा भी साथ थे। विष्णुदेव साय ने केंद्रीय मंत्री को सूचित किया कि छत्तीसगढ़ प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लंबित 15.18 लाख परिवारों को अभी तक आवास की स्वीकृति नहीं मिली है। इसमें 6.99 लाख परिवार योजना के स्थायी प्रतीक्षा सूची में हैं और 8.19 लाख परिवार आवास प्लस में शामिल हैं। पूर्व में योजना के लिए राज्य का हिस्सा नहीं मिलने के कारण यह समस्या बनी रही। मुख्यमंत्री ने जल्द आवास स्वीकृत करने का अनुरोध किया, जिस पर केंद्रीय मंत्री ने इस पर तत्काल कार्रवाई किए जाने की बात कही है। विष्णुदेव साय ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों और प्रभावित परिवारों के पुनर्वास की आवश्यकता



जताई। उन्होंने कहा नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण सामाजिक आर्थिक जातिगत जनगणना-2011 एवं आवास प्लस 2018 की सूची में अनेक पात्र परिवारों का नाम शामिल नहीं हो सका है। उन्होंने 10,500 नए पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना में शामिल करने का अनुरोध किया और साथ ही नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पंचायतों को आवास निर्माण की स्वीकृति देने की मांग की। विष्णुदेव साय ने मनरेगा योजना के तहत आधार आधारित भुगतान प्रणाली में 31 मार्च, 2025 तक छूट देने का आग्रह किया, ताकि दूरस्थ और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के श्रमिकों को योजना का लाभ मिल सके। उन्होने कहा दूरस्थ और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में इंटरनेट की कमी और अन्य समस्याएं हैं, जिससे

आधार आधारित भुगतान में कठिनाई आ रही है। इसके साथ ही इन क्षेत्रों में जब तक बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध ना हो तब तक नगद भुगतान की अनुमति देने की मांग की। विष्णुदेव साय ने आदिवासी क्षेत्रों में सडक़ कनेक्टिविटी सुधार की आवश्यकता जताई, जहां कई बसाहटें बारहमासी सडक़ों से जुड़ी नहीं हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना में छूटे हुए आदिवासी क्षेत्रों को शामिल करने और पुरानी सडक़ों के उन्नयन की मांग की।विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय महाअभियान के तहत 106 वृहद पुलों की स्वीकृति की प्रक्रिया की जानकारी दी और साथ ही छत्तीसगढ़ के लिए 426 छूटे हुए पुलों के निर्माण की मांग की। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत इन पुलों का निर्माण महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे आदिवासी क्षेत्रों की सडक़ कनेक्टिविटी सुधरेगी और नक्सल उन्मूलन अभियान को भी मदद मिलेगी।विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ में कोदो, कुटकी, और रागी जैसी मिलेट फसलों के उत्पादन को बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इन फसलों की उत्पादन क्षमता बढ़ाना राज्य के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि ये पौष्टिक होती हैं और आदिवासी क्षेत्रों में प्रमुख खाद्य पदार्थ हैं। साथ ही, उन्नत तकनीक और बीजों की उपलब्धता से किसानों की आय बढ़ेगी। शिवराज सिंह चौहान ने छत्तीसगढ़ में कृषि व ग्रामीण विकास के विभिन्न प्रस्तावों पर जल्द से जल्द सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया है।

बैठक में छत्तीसगढ़ से मुख्यमंत्री के सचिव श्री पी दयानंद, पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती निहारिका बारिक, प्रधानमंत्री आवास योजना के संचालक रजत बंसल एवं केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## विभिन्न घटनाओं में शामिल 14 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**बीजापुर | आरएनएस**

बीजापुर में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। विभिन्न घटनाओं में शामिल एक लाख की इनामी महिला नक्सली समेत 14 नक्सलियों ने सोमवार को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। इस वर्ष अब तक में 137 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। वहीं 306 नक्सलियों को अब तक गिरफ्तार किया जा चुका है। आत्मसमर्पित नक्सलियों को आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति के तहत 25-25 हजार रुपये नगद प्रोत्साहन राशि दी गई है।

मिली जानकारी के अनुसार नक्सलियों की खोखली विचारधारा, भेदभाव पूर्ण व्यवहार, उपेक्षा व प्रताडऩा से तंग आकर व शासन की पुनर्वास व आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर उसूर एसओएस अंतर्गत



मारुड़बाका आरपीसी केएएमएस अध्यक्ष 1 लाख की ईनामी महिला नक्सली नागी पोडियामी पति समैया पोडियामी उम्र 38 निवासी कडतीपारा मारुड़बाका,गंगालुर एरिया कमेटी अंतर्गत पुसनार भूमकाल मिलिशिया प्लाटून सेक्शन कमाण्डर अर्जुन पुनेम उर्फ अरजू उर्फ मेड्डी पिता बुधराम पुनेम उम्र 25 निवासी बड्डेपारा गंगालुर, भूमकाल मिलिशिया प्लाटून ए सेक्शन कमाण्डर बघेल पुनेम उर्फ बुधरु पिता कोवा पुनेम उम्र 35 निवासी गोरगेपारा थाना गंगालुर, आरपीसी मिलिशिया सदस्य बी सेक्शन रंगा पोटाम पिता लखमा पोटाम उम्र 25 निवासी पुसनार गायतापारा गंगालुर, पुसनार आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सदस्य सुदरु पुनेम उर्फ मोरका सुदरू पिता सुक्कू पुनेम उम्र 26 निवासी पुसनार गायता पारा गंगालुर। पुसनार आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सदस्य अर्जुन पोटाम उर्फ आयतु पिता लक्खु पोटाम उम्र 23 निवासी बड्डेपारा पुसनार गंगालुर, पुसनार भूमकाल मिलिशिया सदस्य बुधराम पोटाम उर्फ नेती बुधराम पिता सोमलू पोटाम उम्र 26 निवासी गयतारपारा पुसनार, गंगालूर एरिया कमेटी के अंतर्गत पुसनार डीएकेएमएस सदस्य राजू पोटाम पिता मासा पोटाम उम्र 32 निवासी पुसनार गायतापारा गंगालुर, पुसनार भूमकाल मिलिशिया डिप्टी कमाण्डर हेमन पुनेम पिता सुक्कू पुनेम उम्र 26 निवासी पुसनार बंटी पारा गंगालुर, पुसनार भूमकाल मिलिशिया सदस्य सतरु पुनेम पिता कोवा पुनेम उम्र 55 निवासी पुसनार बंटी पारा गंगालूर, पुसनार भूमकाल मिलिशिया सदस्य सोमलू कुंजाम पिता मासा कुंजाम उम्र 40 निवासी पुसनार बंटी पारा गंगालुर, पुसनार भूमकाल मिलिशिया सदस्य मंगलू हेमला उर्फ मुंडी पिता हुंगा हेमला उम्र 35 निवासी बंटी पारा पुसनार गंगालुर, भैरमगढ़ एरिया कमेटी अंतर्गत सीएनएम सदस्य सूदरु मडक़म पिता सन्नू मडक़म उम्र 24 निवासी मदपाल मिरतुर व पश्चिम बस्तर डिविजन प्रेस टीम पार्टी सदस्य संतोष मोडिय़ाम पिता आयतु मोडिय़ाम उम्र 30 निवासी पेद्दाकोरमा थाना बीजापुर शामिल हैं।

## कक्षा 3 से 8 तक के बच्चों की छात्रवृत्ति के लिए पंजीयन व नवीनीकरण की अंतिम तिथि 30 जुलाई

- **एसटी, एससी और ओबीसी वर्ग के बच्चों को मिलेगी छात्रवृत्ति**
- **विद्यार्थियों के पंजीयन एवं नवीनीकरण का कार्य स्कूल के प्रभारी करेंगे**

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा तीसरी से आठवी तक में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को पात्रता अनुसार पंजीयन व नवीनीकरण हेतु छत्तीसगढ़ राज्य छात्रवृत्ति पोर्टल में 30 जुलाई 2024 शाम 5 बजे उपलब्ध कराया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले के सभी प्राचार्यों, प्रधान पाठकों, विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को अपने अधीनस्थ स्कूलों में निर्धारित तिथि तक छात्रवृत्ति हेतु पात्र विद्यार्थियों के पोर्टल में पंजीयन एवं नवीनीकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए है। छत्तीसगढ़ राज्य छात्रवृत्ति पोर्टल https://schoolscholarship.cg.nic.in/ में विद्यार्थियों के पंजीयन एवं नवीनीकरण हेतु स्कूलों को लॉगिन आईडी व पासवर्ड उपलब्ध कराया गया है।

## एटीएम मशीन तोड़ने का प्रयास कर रहा युवक पकड़ाया

**राजनांदगांव | आरएनएस**

जिले के सोमनी स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम को तोडऩे का प्रयास कर रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक पल्सर बाईक से ग्राग सालई, कुही, नागपुर (महाराष्ट्र) से पहुंचा था। मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 28-29 जुलाई की दरमियानी रात को करीबन 2.45 बजे सोमनी पुलिस को पुलिस कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि ग्राम सोमनी में लगे बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम में एक अज्ञात व्यक्ति चोरी के नियत से शटर का ताला तोडक़र एटीएम अंदर घुसकर चोरी का प्रयास कर रहा है। सूचना पर तत्काल सोमनी पुलिस की टीम तत्परता दिखातें हुए मौके पर पहुंची और शटर का ताला टुटा देख कर शटर बाहर से बंद कर दिया गया। जिससे आरोपी अंदर ही कैद हो गया और पकड़ा गया। आरोपी से पूछताछ के दौरान अपना नाम स्वपनिल मंगर पिता जर्नादन मंगर उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम सालई, कुही, ओपी पाचगांव नागपुर (महाराष्ट्र) का रहने वाला बताया। पुछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह बैल दौड़ में करीबन 20 लाख रूपये हार गया था जिससे परेशान होकर कोई बड़ी चोरी कर पैसा कमाने के लिए एटीएम से पैसा चोरी करने की सोचा और अकेले ही घटना को अंजाम देने का प्रयास किया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी स्वपनिल मंगर को मौके पर पकडक़र उसके कब्जे से लोहा कटर मशीन, वायर कटर, पेचकश व पाना पेंचिस तथा प्लास जप्त किया गया। एवं आरोपी के विरूद्ध थाना सोमनी में धारा-331 (4),324(4),305 (ई), 62 बीएनएस कायम कर जांच कार्यवाही में लिया गया तथा सोमवार को आरोपी को विधिवत गिरफतार कर न्यायालय राजनांदगांव के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## छात्र, छात्राओं को चक्रधरनगर पुलिस ने किया साइबर क्राइम के प्रति जागरूक

- **लोइंग हायर सेकेंडरी स्कूल में टीआई चक्रधरनगर ने छात्रों को बताए उनके अधिकार, दिए साइबर फ्रॉड की जानकारी**

**रायगढ़**

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर दिनांक 29/07/2024 को चक्रधरनगर पुलिस द्वारा ग्राम लोइंग के हायर सेकेंडरी स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें थाना प्रभारी चक्रधरनगर



निरीक्षक प्रशांत राव आहेर द्वारा छात्र-छात्राओं को नवीन कानून के संबंध में संक्षिप्त रूप से जानकारी देकर कानून में बालकों के अधिकारों के बारे में बताया गया।

थाना प्रभारी ने बताया कि वर्तमान समय में साइबर ठग आए दिन नए-नए तरीकों से लोगों को ठगा जा रहा है। इसे रोकने के लिए जागरूक होने की जरूरत है जिसमें छात्र-छात्राओं की भूमिका भी अहम है। छात्र-छात्राएं स्वयं जागरूक रहकर अपने परिजन , परिचितों को फ्रॉड के प्रति जागरूक करें। उन्होंने फेसबुक, इंस्टाग्राम, वाट्सएप इत्यादि इंटरनेट मीडिया साइट्स पर सावधानी बरतने अकाउंट में प्राइवेसी ऑन रखने की जानकारी दी तथा अनजान व्यक्ति से दोस्ती, फर्जी काल, अनजान वाट्सएप वीडियो काल, आनलाइन लोन देने वाले एप, इंटरनेट मीडिया पर रुपयों की मांग करने वालों से सर्तक रखना बताये। थाना प्रभारी द्वारा छात्राओं को छेड़खानी जैसे घटनाओं को बिना दबाए पुलिस से मदद लेने कहा गया और पुलिस की मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर डायल 112, थाना प्रभारी चक्रधरनगर के मोबाइल नंबर 9479193210 की जानकारी दिए। थाना प्रभारी द्वारा छात्रों को नशे के दुष्परिणाम बताकर नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया और शिक्षा के प्रति प्रेरित किये। कार्यक्रम में थाना चक्रधरनगर के सहायक उप निरीक्षक नंदकिशोर सारथी तथा छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## लाखों की ठगी में शामिल सॉफ्टवेयर इंजीनियर और बैंक अकाउंट सप्लायर दुर्ग से गिरफ्तार

**रायपुर | आरएनएस**

रायपुर पुलिस ने शेयर ट्रेडिंग के नाम पर लाखों रूपयो की ठगी करने के मामले में शामिल सॉफ्टवेयर इंजीनियर और बैंक अकाउंट सप्लायर को दुर्ग से गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी टाटीबंध आमानाका रायपुर,में रहने वाले रिटायर्ड सिविल सर्जन डॉक्टर प्रकाश गुप्ता पिता स्वर्गीय राम प्रसादगुप्ता उम्र 66 वर्ष निवासी ने शेयर ट्रेडिंग में मुनाफ ा कमाने के नाम पर 74.49 लाख रुपए की ठगी होने की रिपोर्ट आमानाका थाने में दर्ज कराई थी। मामले में 16 जुलाई को रेंज साइबर थाना रायपुर में धारा 420,34 आईपीसीपंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा द्वारा रेंज साइबर थाना की टीम को तकनीकी साक्ष्य एकत्र कर आरोपियों को गिरफ्तार करने के संबंध में निर्देश दिया गया। निर्देशानुसार कार्यवाही करते हुए विवेचना क्रम में आरोपियों द्वारा उपयोग किए जा रहे बैंक खातों एवं मोबाइल नंबरों की जानकारी प्राप्त की गई। आरोपी आशीष साहू पिता निरंजन साहू उम्र 36 निवासी ईस्पात नगर भिलाई, दुर्ग द्वारा विभिन्न बैंकों में खाता खुलवाकर अपने साथी आरोपी विकास चंद्राकार पिता आशाराम चंद्राकार उम्र 33 वर्ष सा मैत्री नगर रिसाली भिलाई को दिया गया था। उक्त बैंक खातों में प्रार्थी से 25 लाख रुपए जमा करवाए गए थे। बैंक खातों के एवज में विकास चंद्राकर ने कमीशन के रूप में 3.70 लाख रुपए आशीष को दिया था। आरोपी विकास चंद्राकार निवासी भिलाई पेशे से सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। यह वर्चुअल नंबर का प्रयोग करता है और अन्य लोगों से बैंक खाते किराया में लेकर ठगी की रकम जमा करवाने में प्रयोग करता था। इन बैंक खातों में अलग अलग राज्यों के कुल 80 पुलिस थाना एवं साइबर सेल मे रिपोर्ट दर्ज है। विकास चंद्राकर के स्वयं की 10 से अधिक बैंक खातों,एक्सयूवी 700 गाड़ी की जानकारी प्राप्त हुई है। पुलिस ने सोमवार को आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

# किसान 31 जुलाई तक करा सकते हैं पीएम फसल बीमा

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**

किसानों के फसल को होने वाले क्षति की भरपाई के लिए पीएम फसल बीमा योजना अंतर्गत फसलों का बीमा किया जाता है जिससे उनके फसल की क्षति का लाभ मिलता है। किसान 31 जुलाई 2024 तक पीएम फसल बीमा करा सकते हैं। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में खरीफ वर्ष 2023 में कुल 12 गांव के 1727 किसानों ने फसल बीमा कराया था। इन किसानों को 42 लाख 19 हजार 497 का बीमा भुगतान किया गया है।

उप संचालक कृषि आशुतोष श्रीवास्तव से मिली जानकारी अनुसार विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाधित रोपाई, रोपण जोखिम, अधिसूचित क्षेत्र में कम वर्षा अथवा प्रतिकूल मौसमी दशाओं के कारण अनुसूचित मुख्य फसल की बुवाई रोपण अंकुर नहीं हो पाने वाली नुकसान से सुरक्षा प्रदान करेगा। साथ ही ओलावृष्टि, जल भराव, बादल का पटना, प्राकृतिक आकाशीय बिजली, चक्रवर्ती वर्षा और बेमौसम होने वाले बरसात से फसल बीमा सुरक्षा प्रदान करता है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत जिले के ऋणी एवं अऋणी कृषक बीमा का लाभ लेने हेतु जिले के सहकारी बैंकों में तथा ग्राहक सेवा केंद्रों के माध्यम से आवेदन कर फसल बीमा करा सकते हैं। इस वर्ष खरीफ सीजन के धान सिंचित असिंचित, मक्का, कोदो कुटकी, रागी, अरहर, उड़द एवं मूंग फसल शामिल है। वही रबी सीजन के लिए चना, गेहूं सिंचित एवं असिंचित, राई, सरसों फसल को अधिसूचित किया गया है, जिसके लिए खरीफ फसल हेतु बीमित कुल बीमित राशि ऋण मान के आधार पर 2 प्रतिशत और रबी फसल के लिए बीमित राशि का डेढ़ प्रतिशत या वास्तविक प्रीमियर जो भी हो, प्रीमियम के रूप में किसान द्वारा वहन किया जाएगा। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत 3 वर्षों के लिए जिले में चयनित बजाज अलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को फसल बीमा करने निर्धारित किया गया है।

### फसलों का प्रीमियम और बीमा राशि

फसलों का प्रीमियम राशि और बीमा राशि अंतर्गत धान सिंचित का प्रीमियम राशि 1100 है, जिसका बीमा राशि 55000 है। धन असिंचित का प्रीमियम 860 रुपए है जिसका बीमा 43000 रुपए है। मक्का का 750 प्रीमियम है जिसका बीमा 36000 है। अरहर का बीमा 395 रुपए है जिसका बीमा 38000 रुपए है। उड़द का 540 रुपए प्रीमियम है जिसका बीमा 27000 है। मूंग का प्रीमियम 270 है जिसका 27000 रुपए बीमा है। कोदो का 160 रुपए प्रीमियम है जिसका बीमा राशि 16000 है। कुटकी का 170 प्रीमियम है, जिसका बीमा राशि 17000 रुपए है। रागी का प्रीमियम 150 है जिसका बीमा राशि 15000 रुपए है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU